"करियर काउंसलिंग एंड स्किल डेवलपमेंट पर विस्तार व्याख्यान"

पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में दिनांक 28/4/2022 को काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल की ओर से करियर काउंसलिंग एंड स्किल डेवलपमेंट विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय स्थित इनक्यूबेटर सेंटर के प्रभारी श्री सुनंत ग्रोवर मुख्य वक्ता थे।

श्री सुनंत ग्रोवर ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें और इसे हासिल करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से खूब मेहनत करें। उसी विषय में करियर बनाएं जिस विषय में आपकी रुचि है। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए कौशल विकास के महत्व की बात करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। श्री सुनंत ग्रोवर ने आईटी सेक्टर में वेब डेवलपमेंट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते महत्व और युवाओं के लिए करियर की संभावनाओं पर भी चर्चा की। इस अवसर पर यूजी और पीजी कक्षाओं के लगभग 100 विद्यार्थी मौजूद रहे।

Scanned with CamSca